सुविचार
माफी मांगने से यह साबित नहीं होता है कि
हम गलत और दूसरा सही
माफी का असली अर्थ है
हम रिश्तों को निभाने की काबिलियत उससे
ज्यादा रखते हैं

आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

हर पल रहें
ताजा तरीन खबरों के
साथ लॉगिन करें
WWW.yashbharat.co.in

● वर्ष- 15 अंक-276 ● कटनी ● शुक्रवार, 12 नवम्बर, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● कार्तिक शुक्ल पक्ष -8 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

## MP में खुर्शीद की किताब बैन

**इंदौर।** मध्य प्रदेश के गृहमंत्री डॉक्टर नरोत्तम मिश्रा का कहना है कि कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद की किताब पर राज्य में प्रतिबंध लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सलमान खुर्शीद और दिग्विजय सिंह जैसे लोग तुष्टिकरण की राजनीति के पोषक हैं और देश के अंदर बिखराव और अलगाव की भावना फैलाने का काम करते हैं।उल्लेखनीय है कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद ने हिंदुत्व की तुलना बोको हराम और इस्लामिक स्टेट से की है। इसका चहुंओर विरोध हो रहा है। खुर्शीद ने अपनी नई किताब सनराइज ओवर अयोध्या नेशनहुड इन आवर



टाइम्स में एक पूरा अध्याय देश में हिंदुत्व की बढ़ती विचारधारा पर लिखा है। इस अध्याय का शीर्षक है द सैफ्रान स्काई। मीडिया से बातचीत में गृहमंत्री डॉक्टर नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस और गांधी परिवार चाहता है कि देश जातियों में बंटकर खंड-खंड हो जाए जबकि मोदी जी अखंड भारत की बात करते करते हैं। उन्होंने एक टीवी चैनल से बातचीत में भी कहा कि उत्तर प्रदेश के चुनाव में कांग्रेस को अल्पसंख्यकों का समर्थन हासिल नहीं है इसलिए इस तरह के हथकंडे अपना रही है। गृहमंत्री डॉक्टर नरोत्तम मिश्रा के अनुसार कांग्रेस देश को जातिवाद में बांट देना चाहती है इसलिए रोज हिंदुत्व को लेकर नई परिभाषा लाती है।

## रिजर्व बैंक की 2 स्कीम लांच

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को भारतीय रिजर्व बैंक की दो नवीन ग्राहक-केंद्रीत योजनाओं की शुरुआत की। सुबह 11 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए स्कीम की शुरुआत करते हुए पीएम मोदी ने कहा, कोरोना के इस चुनौतीपूर्ण कालखंड में वित्त मंत्रालय ने, आरबीआई और अन्य वित्तीय संस्थाओं ने बहुत प्रशंसनीय कार्य किया है। आज जिन दो योजनाओं को लॉन्च किया गया है, उनसे देश में निवेश के दायरे का विस्तार होगा और कैपिटल मर्केट्स को एक्सेस करना निवेशकों के लिए अधिक आसान, अधिक सुविधाजनक बनेगा। पीएम मोदी ने आगे कहा, अभी तक गर्वमेंट सिक्यूरिटी मार्केट में हमारे मध्यम वर्ग, कर्मचारी, छोटे व्यापारी, वरिष्ठ नागरिकों को सिक्योरिटीज में निवेश के लिए बैंक



इंश्योरेंश या म्यूचल फंड जैसे रास्ते अपनाने पड़ते थे। अब उन्हें सुरक्षित निवेश का एक और बेहतर विकल्प मिल रहा है। बीते 7 सालों में, एनपीए को पारदर्शिता के साथ Recognize किया गया, Resolution और recovery पर ध्यान दिया गया, पब्लिक सेक्टर बैंकों को Recapitalize किया गया, फाइनेंशियल सिस्टम और पब्लिक सेक्टर बैंकों में एक के बाद एक रिफॉर्म्स किए गए। बैंकिंग सेक्टर को और मज़बूत करने के लिए Co-operative बैंकों को भी RBI के दायरे में लाया गया। इससे इन बैंकों की गवर्नेंस में भी सुधार आ रहा है और जो लाखों depositors हैं, उनके भीतर भी इस सिस्टम के प्रति विश्वास मजबूत हो रहा है। कोविड में ही सरकार द्वारा छोटे किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड देने के लिए विशेष मुहिम चलाई।

### फटाफट खबरें



## न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए टीम इंडिया का ऐलान

**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए टीम इंडिया का ऐलान कर दिया गया है। पहले टेस्ट की कप्तानी अजिंक्य रहाणे को सौंपी गई है, जबकि विराट कोहली दूसरे टेस्ट से टीम का हिस्सा होंगे। बीसीसीआई की ओर से जारी आधिकारिक जानकारी के अनुसार, विराट कोहली की गैरमौजूदगी में अजिंक्य रहाणे पहले टेस्ट में कप्तानी करेंगे। टीम इस प्रकार है - अजिंक्य रहाणे (कप्तान,) केएल राहुल, मयंक अग्रवाल, चेतेश्वर पुजारा (उपकप्तान), शुभमन गिल, श्रेयस अय्यर, रिद्धिमान साहा (विकेटकीपर), केएस भरत (विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा, आर अश्विन, अक्षर पटेल, जयंत यादव, इशांत शर्मा, उमेश यादव, मो. सिराज, प्रसिद्ध कृष्ण।

## महिला पहलवान व भाई के दोनों हत्यारोपी दबोचे

**सोनीपत।** यहां की महिला पहलवान निशा दहिया और उसके भाई सूरज की हत्या का आरोपी कोच पवन और सचिन दोनों पकड़े गए हैं। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने दोनों को हिरासत में लिया है। दिल्ली के द्वारका इलाके से इन लोगों को दबोचा गया है। हत्याकांड के बाद दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए थे। दोनों पर 1 लाख का इनाम सोनीपत पुलिस की ओर से रखा गया था। प्रशिक्षण लेने आई नेशनल स्तर की पहलवान व उसके छोटे भाई की कोच व अन्य ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। आरोपियों ने दोनों की मां को भी गोली मारकर घायल कर दिया था।

## नवाब के खिलाफ मानहानि केस में सुनवाई आज, वानखेड़े के पिता ने किया केस

**मुंबई।** बॉम्बे हाई कोर्ट शुक्रवार को नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के पूर्व जोनल डायरेक्टर समीर वानखेड़े के पिता ध्यानदेव द्वारा महाराष्ट्र के कैबिनेट मंत्री नवाब मलिक के खिलाफ दायर मानहानि के मुकदमे की सुनवाई करेगा। इससे पहले हाई कोर्ट ने इस सप्ताह के शुरू में मानहानि के मुकदमे को 12 नवंबर को सुनवाई के लिए स्थगित कर दिया था। तब कोर्ट ने नवाब मलिक को वानखेड़े से जुड़े दस्तावेज के सत्यापन पर एक अतिरिक्त हलफनामा दाखिल करने के लिए भी कहा था। नवाब मलिक ने आरोप लगाया था कि समीर वानखेड़े जन्म से मुस्लिम हैं और उन्होंने सच छिपाकर नौकरी हासिल की है।




## योगी सरकार की अपील पर सुप्रीम कोर्ट ने टाली मामले की सुनवाई

**नई दिल्ली ।** लखीमपुर खीरी हिंसा मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को सुनवाई टाल दी। दरअसल, यूपी सरकार ने कोर्ट से सुनवाई की तारीख आगे बढ़ाने की मांग की। इस अपील को मानते हुए कोर्ट ने कहा कि वह इस मामले पर 15 नवंबर को सुनवाई करेगी। लखीमपुर-खीरी मामले पर चीफ जस्टिस एनवी रमन्ना, जस्टिस सूर्यकांत और जस्टि हिमा कोहली की बेंच सुनवाई कर रही है। इस मामले में यूपी सरकार की ओर से सीनियर एडवोकेट हरीश साल्वे पेश हुए। उन्होंने कोर्ट से दरख्वास्त की कि कोर्ट उन्हें सोमवार तक का समय दे, ताकि वो केस पर काम पूरा कर सकें। इसके बाद कोर्ट ने उनकी अपील को स्वीकार कर लिया। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले पर 8 नवंबर को सुनवाई की थी

# सोनिया से मिलने पहुंचे भूपेश और पायलट, हो सकता बड़ा फैसला

**नई दिल्ली।** देश में अगले साल की शुरुआत में होने वाले विधानसभा चुनाव और राजस्थान में जारी सियासी सरगर्मियों के बीच कांग्रेस कुछ बड़े बदलावों पर विचार कर रही है। इसे लेकर जल्द ही पार्टी आलाकमान की ओर से एलान होने की संभावना है। बताया गया है कि इस सिलसिले में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने शुक्रवार को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और सचिन पायलट को दिल्ली बुलाया है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस समिति (यूपीसीसी) के वरिष्ठ प्रेक्षक भूपेश बघेल अगले साल होने वाले यूपी चुनाव के लिए सोनिया गांधी से बात करेंगे। उन्होंने शुक्रवार सुबह ही 10 जनपथ पहुंचकर सबसे पहले कांग्रेस महासचिव और यूपी में पार्टी का चेहरा बनकर उभरीं प्रियंका गांधी वाड्रा से मुलाकात की। इसके बाद वे सोनिया गांधी से भी मिलेंगे। दूसरी ओर राजस्थान में बड़े फेरबदल की पिछले कई



दिनों से चर्चा है। एक दिन पहले ही राजस्थान सीएम अशोक गहलोत ने सोनिया गांधी से मुलाकात की थी। अब कांग्रेस अध्यक्ष ने राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट को मिलने के लिए बुलाया है। इस बैठक में राजस्थान के राजनीतिक घटनाक्रम पर चर्चा के साथ कैबिनेट में बदलावों को लेकर बात हो सकती है।

### तीन साल से नहीं हुआ गहलोत मंत्रिमंडल में बदलाव

माना जा रहा है कि जल्द ही राजस्थान में मंत्रिमंडल विस्तार और फेरबदल पर भी निर्णय लिया जाएगा। इसी साल 17 दिसंबर को गहलोत सरकार के तीन साल पूरे हो रहे हैं। इन तीन वर्षों में पार्टी की खींचतान के कारण कोई फेरबदल नहीं हो पाया है। इससे विधायकों का एक गुट नाराज भी रहा है। ऐसे में कांग्रेस इस अंदरूनी कलह को खत्म करने के लिए पायलट समर्थित विधायकों को कैबिनेट में जगह देना चाहेगी।



## पचमढ़ी से भी ठंडा रायसेन, भोपाल में सीजन की सबसे सर्द रही रात

**भोपाल।** उत्तर भारत में ठंड ने जोर पकड़ लिया है। उधर उत्तर भारत या उसके आसपास कोई पश्चिमी विक्षोभ या अन्य सिस्टम नहीं है। इस वजह से हवाओं का रुख लगातार उत्तरी बना हुआ है। उत्तर भारत की तरफ से आ रही सर्द हवाओं के कारण पिछले दो दिनों से रात के साथ ही दिन के तापमान में भी गिरावट का सिलसिला बना हुआ है। इसी क्रम में शुक्रवार को राजधानी भोपाल का न्यूनतम तापमान 11.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जो सामान्य से पांच डिग्री सेलसियस कम रहा। साथ ही यह इस सीजन का भोपाल का सबसे कम तापमान भी है। उधर, रायसेन में नौ डिग्री एवं पचमढ़ी में न्यूनतम तापमान 9.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक ठंड के तेवर अभी इसी तरह बने रहेंगे। अगले दो दिनों में मध्यप्रदेश में पारा सात डिग्री सेल्सिय पर भी आ सकता है। गुरुवार को राजधानी का अधिकतम तापमान 28.2 डिग्री से. रिकार्ड किया गया। जो सामान्य से दो डिग्रीसे. कम रहा।

## कंगना के बयान पर भड़के विपक्षी नेता पद्म सम्मान वापस लेने की मांग

**मुंबई।** कंगना रनौत अपने आजादी वाले बयान के कारण विवादों में हैं, लेकिन चौतरफा हमलों के बाद भी



देश को आजादी को मिली है। बयान पर बवाल मचा। कांग्रेस ने मांग कर डाली कि अभिनेत्री से

अभिनेत्री अपने बयान पर कायम है। दरअसल कंगना का एक वीडियो इस समय सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वे एक निजी न्यूज चैनल से बात करते हुए यह कह रही हैं, 1947 में इस देश को आजादी नहीं बल्कि भीख मिली थी। असली आजादी 2014 में मिली है। यानी केंद्र में मोदी सरकार आने के बाद ही इस उनका पद्म सम्मान वापस लिया जाना चाहिए, वरुण गांधी ने भी हमला किया, लेकिन अभिनेत्री अपने बयान पर कायम है। वहीं इस बीच, आम आदमी पार्टी ने गुरुवार को मुंबई पुलिस को एक आवेदन सौंपकर फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत के खिलाफ उनकी कथित टिप्पणी के लिए मामला दर्ज करने की मांग की।

## डेढ़ साल तक बंधक बनाकर किया दुष्कर्म, बेटा होने पर स्टेशन पर छोड़ा

**उज्जैन- कायथा ।** कायथा थाना क्षेत्र के ग्राम काठबडौदा में रहने वाले एक शादीशुदा व्यक्ति ने नागपुर की रहने वाली युवती से होते हुए दूसरी शादी कर ली। इसके बाद उसे डेढ़ साल तक घर में बंधक बनाकर रखा। युवती को बेटा पैदा होते ही उसे छह नवंबर को रेलवे स्टेशन पर छोड़ दिया। आटो वाले उसे लेकर देवासगेट थाने पहुंचे थे। इस पर पुलिस ने उसे वन स्टाप सेंटर को सौंप दिया था। वहां युवती ने आपबीती सुनाई। इसके बाद पुलिस ने शादी करने वाले पूर्व उप सरपंच, उसकी पत्नी सहित पांच आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज किए हैं। पुलिस ने बताया कि छह नवंबर को रेलवे स्टेशन पर एक महिला घूमते हुए आटो वालों को मिली थी। इस पर वह उसे लेकर देवासगेट थाने पहुंचे थे। यहां कुछ जानकारी नहीं देने पर युवती को पुलिस ने वन स्टाप सेंटर को सौंप दिया था। सेंटर पर महिला ने संचालिका को पूछताछ में बताया कि वह नागपुर की रहने वाली है। करीब डेढ़ साल पहले उसकी पड़ोसन चंदा आंटी उसे लेकर उज्जैन आई थी। यहां उसने कायथा थाना क्षेत्र के ग्राम काठाबडौदा के निवासी राजपालसिंह से शादी करवा दी थी। शादी के बाद उसे पता चला था कि राजपाल की पहली पत्नी भी है। इससे उसके दो बच्चे होने के बाद उनकी मौत हो गई थी। राजपाल व उसकी पत्नी ने उसे घर में बंधक बनाकर रखा था। राजपाल ने उसके साथ दुष्कर्म भी किया था।

## घुसपैठियों ने लोहे की रॉड से किया हमला, फायरिंग में दो तस्कर ढेर

**कूच बिहार।** भारत और बांग्लादेश सीमा पर घुसपैठियों को रोकने के दौरान बीएसएफ को खासा मुश्किल हालात का सामना करना पड़ता है। ऐसी ही स्थिति शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के कूच बिहार से लगी बांग्लादेश की सीमा पर उभरी। बताया गया है कि बांग्लादेश की तरफ से कुछ स्मग्लर तड़के 3 बजे गोतस्करी के मकसद से भारत की तरफ घुसपैठ करने लगे। जब तस्करों को रोका गया, तो उन्होंने जवानों पर लोहे की रॉड और डंडों से हमला कर दिया। आखिरकार



बीएसएफ को अपने बचाव में फायरिंग करनी पड़ी, जिसमें दो बांग्लादेशियों की मौत हुई है। बीएसएफ ने इस घटना के बाद बयान जारी कर बताया कि तस्करों ने सीमा पर बाड़े पार करने के लिए लोहे की रॉड्स का इस्तेमाल कर सीढ़ियां बनाईं। इस दौरान जब बीएसएफ ने उन्हें रोकने की कोशिश की, तो तस्कर जवानों पर टूट पड़े। इस हमले में एक जवान घायल हो गया। बचाव के लिए बीएसएफ को गोलीबारी करनी पड़ी, जिसमें दो स्मग्लरों के मारे जाने की खबर है।

## श्रीनगर मुठभेड़ में आतंकी रियाज का खात्मा

**जम्मू।** श्रीनगर और कुलगाम में गुरुवार को सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच हुई मुठभेड़ में मारे गए दोनों आतंकियों की पहचान हो गई है। कश्मीर जोन के आईजी विजय कुमार ने बताया कि श्रीनगर मुठभेड़ में सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता मिली है। पुलवामा हमले के एक आरोपी के रिश्तेदार आमिर रियाज को मार गिराया गया है। वह घाटी में फिदायीन हमले की साजिश रच रहा था। रियाज मुजाहिदीन गजवातुल हिंद का आतंकी था। वहीं कुलगाम में मारे गए आतंकी की पहचान हिजबुल मुजाहिदीन के जिला कमांडर शिराज मौलवी के रूप में हुई है।

## बिना नहाए बोलते हैं जय श्री राम : राशिद अल्वी



**संभल।** यूपी चुनाव से पहले कांग्रेस नेताओं के एक के बाद एक विवादित बायन आ रहे हैं। पहले सलमान खुर्शीद ने अपनी किताब में हिंदुत्व पर घोर आपत्तिजनक बातें लिखी। इसी किताब के विमोचन पर पहुंचे कांग्रेस नेता पी. चिदंबरम और दिग्गिजय सिंह ने आग में घी का काम किया। अब कांग्रेस के एक और नेता राशिद अल्वी ने जयश्री राम का नारा लगाने वालों पर आपत्तिजनक बयान दिया है। यूपी के संभल में एक रैली में राशिद अल्वी ने कहा, आजकल कुछ लोग जय श्री राम का नारा लगाकर देश के लोगों को गुमराह करते हैं, ऐसे लोगों से होशियार रहना चाहिए। आज जो जय श्री राम बोलते हैं, वे बिना नहाएं बोलते हैं। आज भी बहुत लोग जय श्री राम का नारा लगाते हैं, वे सब मुनि नहीं वे निसिचर घोरा है।

## यूपी में अजब मुठभेड़ : पुलिस ने चलाई सात गोली सातों बदमाशों के पैर में एक ही जगह लगी

**गाजियाबाद।** यहां के लोनी बॉर्डर थाना पुलिस ने गुरुवार को बेहटा हाजीपुर के एक गोदाम में पशु कटान कर रहे सात तस्करों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया। यह मुठभेड़ चर्चा का विषय बनी है। पुलिस ने 13 गोलियां चलाईं। इनमें से सात गोली सात बदमाशों को एक जगह पर पैर में घुटने के नीचे लगी है। जवाब में बदमाशों ने सात गोलियां चलाई। वह निशाना चूक गए। एक गोली पुलिस की गाड़ी में लगी है। लोनी बार्डर एसएचओ राजेंद्र त्यागी के मुताबिक तीन दिन पहले




सलीम पहलवान के बेटे आदिल ने पुलिस को सूचना दी कि उन्होंने आमिर नाम के व्यक्ति को कबाड़े के काम के लिए गोदाम किराए पर दिया था। लेकिन आमिर और उसके साथी कबाड़े की आड़ में पशु कटान कर रहे हैं। पुलिस आदिल को साथ लेकर पहुंची तो पशु कटान होता मिला। पुलिस को देख कटान कर रहे आरोपियों ने गोली चला दी। एक गोली गाड़ी में लगी जबकि बाकी पुलिसकर्मी बाल-बाल बच गए। वहीं, पुलिस की तरफ से 16 राउंड गोली चली, जिनमें से सात गोली आरोपियों के पैर में लगी।

## फुटपाथ पर बेलन बेचते बुजुर्ग ने दम तोड़ा, सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल

**सागर ।** मध्यप्रदेश के सागर जिले में फुटपाथ पर बेलन बेच रहे बुजुर्ग की मौत हो गई। बुजुर्ग का परिवार तंगहाली से जूझ रहा था। इस वजह से 80 साल की उम्र में भी बुजुर्ग को बाजार में



फुटपाथ पर बेलन बेचने पड़ रहे थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक का नाम 80 वर्षीय चंदनलाल राय है। वह कीर्ति स्तंभ के पास तुलसीनगर में रहता है। घटना बुधवार की बताई जा रही है। रोज की तरह बुजुर्ग बेलन-चौकी बेचने निकला था। ठंड में भी एक शर्ट पहने चंदनलाल की तबीयत अचानक खराब हो गई। तब वह फुटपाथ पर ही पीछे खड़ी मोटरसाइकिल का सहारा लेकर बैठ गए थे। इसी दौरान उनकी मौत हो गई। मौत से कुछ देर पहले तक बुजुर्ग सामान बेचता नजर आया था।

# सोशल मीडिया पर सक्रियता दिलाएगी टिकट

**भोपाल।** आमजन से अधिक से अधिक जुड़ाव के लिए देश में इंटरनेट मीडिया का सियासत में सबसे पहले और ज्यादा उपयोग भाजपा ने ही किया। नरेन्द्र मोदी की बतौर प्रधानमंत्री ताजपोशी से लेकर अधिकतर राज्यों में भाजपा की सरकार के रूप में इसके सुखद परिणाम भी पार्टी के सामने हैं। पार्टी इंटरनेट मीडिया पर जहां बेहद मजबूती के साथ मौजूद है, वहीं पिछले दिनों विश्व के सबसे लोकप्रिय नेताओं में मोदी शिखर पर पहुंच गए। इंटरनेट मीडिया की ताकत को पहचानते हुए भाजपा ने तय किया है कि इन प्लेटफार्म पर सक्रियता के आधार पर ही पार्टी चुनाव में टिकट देगी। हालांकि जमीनी हकीकत अलग है। मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा सहित कुछ वरिष्ठ नेताओं के अलावा मंत्रियों और संगठन के पदाधिकारियों



की मौजूदगी बेहद कमजोर है। शिवराज कैबिनेट के कई मंत्रियों के वेरीफाइड (अधिकृत) अकाउंट नहीं हैं और फालोअर भी कुछ हजार तक सीमित हैं। भाजपा में चुनाव लड़ने की दावेदारी का आधार अब नए पैमानों पर परखा जाएगा। हाल ही में चार सीटों पर हुए उपचुनाव में पार्टी ने यह प्रयोग कर लिया है। परंपरागत तौर पर सहानुभूति जैसे फैक्टर को किनारे कर भविष्य के नेताओं को टिकट देकर पार्टी ने जीत हासिल की है। अगले विधानसभा चुनावों में टिकट को लेकर भी मापदंड तय कर दिए गए हैं। जनता के बीच सक्रियता के साथ टिकट की दावेदारी के लिए प्रमुख पैमाना इंटरनेट मीडिया पर सक्रियता भी होगी। मौजूदा जनप्रतिनिधियों की इंटरनेट मीडिया में सक्रियता पर पार्टी संगठन की नजर है। इस आधार पर तैयार रिपोर्ट से ही प्रत्याशियों के चयन होगा। संगठन के पदाधिकारियों अपने सभी जनप्रतिनिधियों की हर सक्रियता पर नजर रख रहे हैं।

## देवप्रबोधिनी एकादशी दो दिन मनेगी सर्वार्थसिद्धि योग में जागेंगे देव



**वेब डेस्क।** कार्तिक मास की देवप्रबोधिनी एकादशी पर सर्वार्थसिद्धि योग में देव जागेंगे। पंचांगीय गणना में मतांतर होने से इस बार दो दिन एकादशी रहेगी। ज्योतिषियों के अनुसार 14 नवंबर को शैव तथा 15 नवंबर को वैष्णव मत के अनुसार एकादशी मनाई जाएगी। 14 नवंबर को शाम 4 बजकर 32 मिनट से सर्वार्थसिद्धि योग की शुरुआत होगी, यह योग 15 नवंबर को भी दिनभर रहेगा। देवउठनी एकादशी से चातुर्मास का समापन होगा तथा विवाह आदि मांगलिक कार्यों की शुरुआत होगी। सर्वार्थसिद्धि योग सभी योगों में विशेष महत्व रखता है। इस योग में किए गए कार्य सिद्ध होते हैं। इस बार शैव व वैष्णव मत के अनुसार दो दिन देवप्रोबोधिनी एकादशी है और दोनों ही दिन सर्वार्थसिद्धि योग की साक्षी रहेगी। ऐसे शुभ संयोग में चातुर्मास का समापन व मांगलिक कार्यों का शुभारंभ सफलता प्रदान करने वाला रहेगा।



CMYK

# किराया स्पेशल का, सुविधाएं थर्ड क्लास

## कोरोना काल के चलते पिछले एक साल से यात्रियों से मनमाना किराया वसूल रहा रेलवे

यश भारत
खबर विशेष

**कटनी। कोरोना संक्रमण के चलते पिछले करीब एक साल से नियमित ट्रेनों को स्पेशल का दर्जा देकर रेलवे यात्रियों से अधिक किराया वसूल रही है, जबकि सुविधाएं स्पेशल तो दूर नियमित चलने वाली ट्रेनों से भी कम है, जिससे यात्रियों की जेब तो ढीली हो ही रही है, परेशानियां भी बढ़ गई हैं। ट्रेनों में न तो रिजर्वेशन मिल पा रहा है और न ही वेटिंग टिकट कंफर्म हो पा रही है। नियमों के मुताबिक बिना कंफर्म टिकट ट्रेनों पर यात्रा नहीं की जा सकती, जिसके चलते यात्रियों को कईयों बार अपनी यात्रा रद्द करनी पड़ रही है। यात्रियों को सुविधाएं देने के नाम पर मेमू ट्रेनों का भी संचालन किया जा रहा है, जो कि छोटे-छोटे स्टेशनों पर रूक रही है, लेकिन इस ट्रेन में किराया एक्सप्रेस का लग रहा है, जिससे गरीब और मध्यम वर्गीय यात्रियों को चपत लग रही है।**

आपदा को अवसर में बदलने और लोगों की जेब ढीली करके उनसे वसूली करने का रेलवे ने यह नया तरीका इजाद किया है। ट्रेनों को स्पेशल का दर्जा देकर किराए में बढ़ोत्तरी की गई है। यह सब कोरोना संक्रमण काल के दौरान किया गया था, जो अभी तक जारी है। कुछ ट्रेनें तो ऐसी है, जो पैसेंजर है लेकिन उन्हें स्पेशल बनाकर चलाया जा रहा है और किराया भी अधिक लिया जा रहा है। पिछले साल कोरोना काल में 70 दिनों के लॉकडाउन के बाद बंद हुई ट्रेनों को रेलवे ने पटरी पर दौड़ाना शुरू किया, परंतु सभी ट्रेनों को फेस्टिवल व स्पेशल के रूप में रेलवे चला रहा है और सभी ट्रेनो में यात्रियों से अलग-अलग मनमाना किराया वसूला जा रहा है। वहीं सुविधाओं के नाम पर रेलवे की ओर से कुछ भी प्रदान नहीं किया जा रहा है।

**एक्सप्रेस बनकर चल रही पैसेंजर ट्रेनें, किराया भी ज्यादा लग रहा और समय भी**

बावजूद यात्री ट्रेनों में सफर करने को मजबूर हैं। यात्रियों का कहना है कि आखिर रेलवे ट्रेनों को स्पेशल के तौर पर क्यों चला रहा है और यात्रियों से अधिक किराये की वसूली क्यों की जा रही है, जबकि कोरोनाकाल के चलते लोगों की आर्थिक स्थिति पर विपरीत असर पड़ा है। इसके अलावा व्यापार-व्यवसाय भी प्रभावित हुआ है। इन सबके बावजूद सरकार को और रेलवे को शायद इन सब बातों से कोई लेना देना नहीं है। वह तो बस वसूली करने में लगी हुई है। इस बात को लेकर यात्रियों में भारी नाराजगी है और यह प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है। अब समय आ गया है कि जब ट्रेनों को रेगुलर नंबर के हिसाब से ही चलाया जाए। जिससे लोगों को वेवजह आर्थिक नुकसान नहीं उठाना पड़े।




### एलएचबी कोच की वजह से भ्रमित हो रहे यात्री

कोरोना काल के चलते ठप कामकाज को दोबारा शुरू करने के लिए यात्री किराया अधिक होने के बाद भी ट्रेन में सफर करने के लिए मजबूर हैं, ताकि गंतव्य तक पहुंच सकें और कोई भी काम प्रभावित न हो। नियमानुसार जब किराया अधिक लिया जा रहा है तो सुविधाएं भी बढ़ानी चाहिए। पर किसी भी ट्रेन में यह नजर नहीं आती, बल्कि सुविधाओं में कटौती ही नजर आती है। दुर्ग से कटनी मुड़वारा होकर जम्मूतवी तक जाने वाली एक्सप्रेस ट्रेन में लगे जनरल कोच के बीच एक कोच अंत्योदय को जोड़ दिया गया है। इससे ट्रेन केवल अलग दिखती है, बल्कि अचानक नजर पड़ते ही यात्री भ्रमित भी हो जाते हैं कि गलती से वे किसी दूसरी ट्रेन में तो नहीं चढ़ रहे हैं। अब जब शादियों का सीजन शुरू हो चुका है तो रेलवे को इस ओर ध्यान देना चाहिए।

### अब सभी ट्रेनों को फिर से शुरु किए जाने की उठी मांग

यात्रियों सहित आम नागरिकों ने रेलवे एवं केंद्र सरकार से यह मांग की है कि अब सभी ट्रेनों को चालू किया जाना चाहिए, ताकि लोगों को सुविधा मिल सके। यात्रियों का तर्क है है कि अब कोरोना की वैक्सीन भी आ चुकी है और पूरे देश में 100 करोड़ से अधिक लोगों का वैक्सीनेशन हो चुका है, इसलिए अब सभी ट्रेनों को चालू कर दिया जाना चाहिए, ताकि लोग आसानी से यहां-वहां जा सकें और व्यापार व्यवसाय और आर्थिक गतिविधियों में तेजी आ सके।

### रेगुलर नंबर पर चलाई जाए ट्रेनें, किराया भी पहले का लागू हो

यात्रियों ने रेलवे मंत्रालय एवं केंद्र सरकार से मांग की है कि अब ट्रेनों को रेगुलर नंबर पर ही चलाया जाए, ताकि लोगों को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े और उन पर आर्थिक बोझ भी न पड़े, इसके अतिरिक्त यात्रियों ने यह भी मांग की है कि ट्रेनों में लिया जाने वाला किराया पूर्ववत ही किया जाए। वर्तमान में स्पेशल नंबर एवं फेस्टिवल स्पेशल के नाम से अतिरिक्त किराया लिया जा रहा है, इससे खासकर मध्यमवर्ग परिवार को परेशानी उठानी पड़ रही है और उनकी जेब लगातार ढीली हो रही है। ट्रेनों का किराया पूर्ववत लागू होने से महंगाई की मार झेल रहे यात्रियों को काफी हद तक राहत मिलेगी।



# आचार्य विद्यासागर महाराज की पिच्छिका पाने जैन समाज में उत्साह

### एकादशी पर्व पर होगा आचार्य कुलरत्न भूषण का पिच्छिका परिवर्तन समारोह

**कटनी।** कर्नाटक से लगभग साढ़े चार हजार भक्त नेमावर पहंचे, जहां आचार्य विद्यासागर महाराज ने आचार्य श्री कुलरत्न भूषण को अपनी पिच्छिका प्रदान की। दिगम्बर जैन पंचायत समिति के पदाधिकारियो ने बताया कि पावन वर्षायोग कर रहे संस्कार प्रेणता 108 आचार्यरत्न मुनि कुलरत्न भूषण जी महाराज का पिच्छिका परिवर्तन समारोह अहिंसा तिराहा जैन बोर्डिंग प्रांगण में 14 नवंबर को प्रातः 6.30 बजे से आयोजित किया जा रहा है, जिसमें सकल दिगम्बर जैन समाज के लोगों की उपस्थिति रहेगी। संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर महाराज ने नेमावर में मुनि कुलरत्न भूषण महाराज को अपनी पिच्छिका प्रदान की थी, जो कि अत्यंत अद्भुत क्षण था। अब आचार्य भगवन की वही पिच्छिका पाने के लिए जैन समाज के लोगों में उत्साह है। आचार्य श्री ने अपनी मंगल देशना में बताया कि पिच्छिका पाने वाले श्रावक को दान, दया, धर्म नियमों का पालन करना होता है, इसके साथ ही आचार्य श्री को नवीन पिच्छिका प्रदान करने का सौभाग्य समाजजनों में से किसी को प्रदान होगा। 14 नवंबर को बाल दिवस के अवसर पर पिच्छिका परिवर्तन समारोह के साथ कुमार-श्रावकों के लिए उन्नयन संस्कार तथा कुमारियों एवं श्राविकाओं के लिए अष्ट मूल गुण संस्कार का भी आयोजन किया जा रहा है।



# छैनी-हथौड़ी से पांच पीढ़ी फूंक रही पत्थरों पर जान

### बिलहरी का बर्मन परिवार स्टोन पर वर्षों से बना रहा कलाकृतियां

**कटनी।** पत्थरों पर छैनी हथौड़ी की खनक, बारीकियों पर नजर और कई दिनों की कड़ी मेहनत और उस मेहनत उभरी कलाकृति, जिसे देखकर लोग दांतों तले उंगलियां दबा लेते हैं। हम बात कर रहे हैं, कटनी जिले के बिलहरी की वर्षों पुरानी मूर्तिकला की। रीठी में निकलने वाले पत्थरों पर बिलहरी का बर्मन परिवार पिछली पांच पीढ़ियों से इस कला से जुड़ा है। कटनी स्टोन पर उकेरी गई बोलती प्रतिमाओं की न सिर्फ जिले में बल्कि पूरे प्रदेश और उसके बाहर भी मांग है। बिलहरी कल्चुरी काल में राजाओं के कला का प्रमुख केन्द्र रहा है। जहां पर पत्थरों पर कलाकृतियां बनाने का काम होता था और उसे किला, मंदिरों सहित अन्य स्थानों पर राजा-महाराजा उपयोग करते थे। बिलहरी की वह कला आज भी जीवित है और लोगों को आकर्षित कर रही है। बिलहरी में पत्थरों पर मूर्ति बनाने वाले बुजुर्ग जगदीश प्रसाद बर्मन ने बताया कि उनके परिवार में पहले स्वर्गीय काशी प्रसाद बर्मन काम करते थे। उनके बाद नर्मदा प्रसाद ने विरासत संभाली। नर्मदा प्रसाद दिवंगत हुए तो उनके परिवार के गिरधारी लाल, शंकर लाल व गोकुल प्रसाद बर्मन ने बुजुर्गो की विरासत को आगे बढ़ाने का काम किया। उनके बाद अब जगदीश और उनके साथ उनका बेटा जितेन्द्र बर्मन कला की इस विरासत को संभाले हुए है। बिलहरी में कटनी के पत्थरों की इसी कला का आगे बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा पत्थर को एक जिला एक उत्पाद में शामिल किया गया है और देशभर में पत्थर की डिमांड बढ़े इसके लिए कटनी स्टोन आर्ट फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है।

**प्रदेश व उससे बाहर भी है बिलहरी की मूर्तियों की डिमांड**




### शिवलिंग, दुर्गा, हनुमान प्रतिमाओं की मांग

शिल्पकार जगदीश बताते हैं कि शुरू से ही बिलहरी में बनाई जाने वाली पत्थर की दुर्गा प्रतिमा, हनुमान प्रतिमा की मांग रही है और आज भी है। इसके अलावा बिलहरी के ही गढ़ी घाट में निकली अनोखी शिव प्रतिमा को काफी लोग पसंद करते हैं। जिसमें पीछे के हिस्से में शिवलिंग है और आगे भगवान शिव का चेहरा बना हुआ है। इसके अलावा स्टैच्यू बनाने का काम भी वर्तमान में जगदीश, जितेन्द्र सहित उनके परिवार के राजकुमार, राजेश व सचिन कर रहे हैं।

### खजुराहो से बिलहरी आए थे पूर्वज

शिल्पकार जगदीश ने बताया कि उनके बुजुर्ग बताया करते थे कि उनका परिवार पहले खजुराहो में रहता था और शिल्पकारी के चलते बिलहरी आया। जहां पर आज तक बुजुर्गों की विरासत को परिवार संभाले हुए है। मूर्ति बनाने में वर्तमान में कुछ आधुनिक मशीनों का उपयोग पत्थर काटने को होने लगा है लेकिन अधिकांश काम छैनी व हथौड़ा के बल पर ही होता है। बिलहरी में बनी पत्थर की प्रतिमाओं व कलाकृतियों की मांग कटनी के अलावा आसपास के जिलों व खजुराहो, हैदराबाद तक है।

**नीरज सिनेप्लेक्स में**




बॉलीवुड की सुपरहिट फिल्म
रोजाना 3 शो ता. 12 से दोपहर 12, 3 एवं 6 बजे से
**सूर्यवंशी**
कलाकार-अक्षय कुमार, अजय देवगन, रणवीर सिंह आदि।
एडवांस बुकिंग चालू है

# नगर निगम अतिक्रमण शाखा के 5 कर्मचारी सेवा से पृथक

**कटनी।** नगरपालिक निगम कटनी की अतिक्रमण शाखा में कार्यरत कर्मचारियों द्वारा विभागीय दायित्वों का निर्वहन ठीक ढंग से नहीं करने, कार्यों के प्रति निरंतर लापरवाही बरतनें, वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दिये जानें वाले आदेशों, निर्देशों की निरंतर अवहेलना करने तथा डयूटी के दौरान उचित व्यवहार न करनें की शिकायत प्राप्त हानें पर निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह घाकरे द्वारा अतिक्रमण शाखा में कार्यरत पांच कर्मचारियों को सेवा से पृथक किया जाकर अतिक्रमण शाखा के अन्य कर्मचारियों को अपनें दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी से करनें के निर्देश प्रदान किये है।

**सिटी मॉल बरही रोड में**

बॉलीवुड की धमाकेदार मूवी, आ रही है पुलिस.......




रोजाना 6 शो ता. 12 से दोपहर 12.30, 3, 5.45, 6.30, 8.30 एवं 9.30 बजे से
**सूर्यवंशी**
कलाकार- अक्षय कुमार, अजय देवगन, रणवीर सिंह, जैकी श्राफ, जावेद जाफरी आदि।
एडवांस बुकिंग चालू है

**सिटी मॉल बरही रोड में**

हॉलीवुड की धमाकेदार मूवी




रोजाना 2 शो ता. 12 से दोपहर 12 एवं 3 बजे से
**ETERNALS (हिन्दी में)**
कलाकार- जेमा चेन, रिचर्ड मेडन, डॉन ली, सलमा हयाक, लॉरेन रिडलॉफ आदि।
एडवांस बुकिंग चालू है

### प्रशासन की टीम करेगी सुरक्षा उपायों की जांच, अस्पतालों के संचालकों की एडीएम ने ली बैठक

# मरीजों की सुरक्षा के लिए फायर एनओसी जरूरी

### फायर सेफ्टी व इलेक्ट्रिकल सेफ्टी ऑडिट कराने दिए गए निर्देश

**कटनी।** राजधानी भोपाल में हुई घटना के बाद जिला प्रशासन भी सतर्क हो गया है और शहर के सरकारी व निजी अस्पतालों में फायर सेफ्टी व अन्य सुरक्षा उपायों का पालन कराने की कवायद की जा रही है। जिला प्रशासन द्वारा सरकारी व निजी अस्पताल संचालकों के साथ बैठक आयोजित कर सुरक्षा उपायों का पालन करने के लिए कहा गया है। अपर कलेक्टर रोमोनुस टोप्पो ने अस्पताल संचालकों की बैठक लेकर अस्पतालों में भर्ती मरीजों की अग्नि दुर्घटना से सुरक्षा, नियंत्रण को लेकर फायर सेफ्टी और इलेक्ट्रिकल सेफ्टी को लेकर नियमों से अवगत कराया। एडीएम ने बताया कि सभी संबंधित स्वास्थ्य संस्थाओं के लिए फायर एनओसी प्राप्त करना जरूरी है, इसके अलावा परिसर में लगाए गए अग्निशामक यंत्रों के पास उन्हें संचालित करने के दिशा निर्देश अनिवार्य और स्पष्ट रूप से चिपकाए जाएं। अपर कलेक्टर ने साल में दो बार अग्नि दुर्घटना से सुरक्षा को लेकर प्रशिक्षण आयोजित करने व सुरक्षा उपायों को लेकर मॉकड्रिल करने और उसका प्रतिवेदन जमा करने के निर्देश प्रदान किए। समस्त चिकित्सालयों में नियमित रूप से फायर व इलेक्ट्रिकल आडिट सुनिश्चित कराने व भवनों में लगे पुराने बिजली के तारों को बदलने व ढीले तारों को बदलने की कार्रवाई करने के भी निर्देश भी एडीएम ने बैठक में दिए। बैठक में अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित रहे।



### अस्पतालों में हो आपातकालीन निकास की समुचित व्यवस्था

एडीएम ने अस्पताल संचालकों से कहा कि अस्पतालों में आपातकालीन निकास की समुचित व्यवस्था हो ताकि जरूरत पड़ने पर गंभीर मरीजों को सुरक्षित बाहर निकाला जा सके। एडीएम ने संचालकों को बताया कि फायर, इलेक्ट्रिकल व स्वास्थ्य विभाग के एक-एक प्रतिनिधि के साथ प्रशासनिक अधिकारियों का दल अस्पतालों व बड़े संस्थानों का निरीक्षण करेगा और सुरक्षा उपायों को लेकर मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा। उससे पहले वे अपने संस्थानों में सुरक्षा के सभी उपायों की एक बार फिर से पूरी तरह जांच कर लें। इस दौरान नगर निगम आयुक्त सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। बैठक में नगर निगम आयुक्त सतेन्द्र धाकरे, सीएमएचओ डॉ. प्रदीप मुढ़िया और सिविल सर्जन डॉ. यशवंत वर्मा ने भी शासन द्वारा जारी फायर सेफ्टी व लिफ्ट के संबंध में जारी दिशा-निर्देशों की जानकारी दी। इस अवसर पर जिले के स्वास्थ्य संस्थाओं के संचालक सहित अन्य संबंधित अधिकारी, कर्मचारी भी मौजूद रहे।

3

यश भारत

# सिटी न्यूज

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper

कटनी, शुक्रवार, 12 नवम्बर 2021

# घरेलू हिंसा से संरक्षण की छात्राओं को दी जानकारी

**कटनी।** प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष श्यामाचरण उपाध्याय के मार्गदर्शन में, जिला न्यायाधीश/सचिव दिनेश कुमार नोटिया की अध्यक्षता में महिला एवं बाल विकास विभाग के सहयोग से आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत महिलाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से गुरुवार को शासकीय गर्ल्स कॉलेज कटनी में महिला सशक्तिकरण एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर जिला न्यायाधीश व सचिव श्री नोटिया ने घरेलु हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005 अंतर्गत हिंसा के विभिन्न प्रकार जैसे शारीरिक, लैंगिक, मानसिक शोषण के बारे में बताते हुये घरेलु हिंसा से पीड़ित महिला को प्राप्त अधिकारों के बारे में जानकारी दी। मध्यप्रदेश अपराध पीड़ित प्रतिकर योजना 2015 अंतर्गत अपराध पीड़ितों या उनके आश्रितों को जिन्हें अपराध के परिणाम स्वरूप हानि या क्षति कारित हुई है और जिन्हें पुनर्वास की आवश्यकता है, उनके प्रतिकर के लिये निधियों एवं प्रतिकर के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इसके साथ ही पॉक्सो अधिनियम, भारतीय दंड संहिता, ऐसिड अटैक पीड़ित, भरण-पोषण, दहेज निषेध अधिनियम, बाल संरक्षण, किशोर न्याय अधिनियम तथा अन्य विधिक उपबंधों की जानकारी देते हुये छात्राओं को उनकी सुरक्षा, संरक्षण, विधि एवं महिलाओं से संबंधित अन्य जानकारियां दी। नालसा एवं सालसा की जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी देते हुये निःशुल्क विधिक सहायता योजना के बारे में बताते हुये टोलफ्री नंबर 15100 तथा नालसा के विधिक सहायता ऐप के माध्यम से अपनी समस्याओं से संबंधित शिकायत प्रस्तुत करने के संबंध में जानकारी दी।

महिला सशक्तिकरण अधिकारी वनश्री कुरवैती ने महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत समाज के कमजोर वर्ग के महिलाओं एवं बच्चों के विकास व कल्याण का मार्ग आसान एवं अल्प अवधि में पूर्ण करने हेतु संचालित योजनाओं के बारे में बताया। इसके साथ ही लाडली लक्ष्मी योजना, अटल बाल मिशन, समेकित बाल संरक्षण योजना के बारे में जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में गर्ल्स कॉलेज की बालिकाओं को प्रोजेक्टर में पीपीटी के माध्यम से महिला एवं बाल विभाग से संबंधित योजनाओं को प्रसारित करते हुये विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी। इस अवसर पर बाल संरक्षण अधिकारी मनीष तिवारी, कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजकुमार गुप्ता, प्रोफेसर साधना जैन, सुनीता श्रीवास्तव, रश्मि बजाज, मीना बजाज, पुष्पा कुशरे, पीएलव्ही अंजूरेखा तिवारी सहित बालिकाओं की उपस्थिति रही।



गर्ल्स कॉलेज में महिला सशक्तिकरण एवं जागरूकता शिविर



## शिविर में साइबर क्राइम के प्रति किया जागरूक

### हीरापुर कौड़िया में पॉक्सो अधिनियम पर प्रशिक्षण का आयोजन

**कटनी।** महिला एवं बाल विकास विभाग जिला कटनी द्वारा निरंतर बाल अपराधों से सुरक्षा हेतु छात्रों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को प्रशिक्षित एवं जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में महिला एवं बाल विकास एवं चाईल्ड लाईन की संयुक्त टीम द्वारा शासकीय हाई स्कूहल हिरवारा एवं शासकीय हाई स्कूल हीरापुर कौड़िया में लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण पॉक्सो अधिनियम-2012 एवं किशोर न्यावय बालकों की देखरेख और संरक्षण अधिनियम-2015 पर प्रशिक्षण सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में सामाजिक कार्यकर्ता शैलजा पाण्डे द्वारा छात्रों को पॉक्सो अधिनियम के विभिन्न वैधानिक प्रावधानों एवं बाल मित्र धाराओं की जानकारी प्रदाय की गई। तत्पश्चा्त परामर्शदाता रविशंकर गौतम, द्वारा बालकों को पॉक्सो ई-बाक्स, साइबर क्राइम से बचाव एवं किशोर न्याय अधिनियम के बारे में बताया गया। जिला समन्वयक, चाईल्ड लाइन चंदन चौहान द्वारा छात्रों को बच्चों की सहायता हेतु चाईल्ड लाइन टोल फ्री नंबर 1098, चाईल्ड लाइन की कार्यप्रणाली एवं विपरीत परिस्थितियों में स्वयं के बचाव के बारे में जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के अंत में छात्रों द्वारा प्रशिक्षकों से रोचक प्रश्न भी पूछे गए एवं प्रशिक्षकों द्वारा उनका समाधान किया गया। प्रशिक्षण आयोजन में प्राचार्य आर.के. पटेल, चाईल्ड लाइन सदस्य पुष्पेन्द्र अग्रवाल एवं विद्यालय के शिक्षक भी शामिल हुये।



## सेवाओं या आपूर्तिकर्ताओं को भुगतान पर टीडीएस कटौती

**कटनी।** सहायक आयुक्त वाणिज्यिक कर कटनी वृत्त ने बताया कि माल एवं सेवाकर अधिनियम 2017 की धारा 51 के अंतर्गत राज्य शासन के विभागों, कार्यालयों, स्थानीय निकायों एवं सरकारी अभिकरणों को कराधेय माल या सेवाओं या दोनों के आपूर्तिकर्ताओं को किये गये भुगतान पर निश्चित दर से टीडीएस काटकर जीएसटी रिटर्न के माध्यम से टीडीएस राशि को जमा करने का प्रावधान है। इन प्रावधानों के क्रियान्वयन के लिये माल एवं सेवाकर अधिनियम 2017 की धारा 51 के अंतर्गत जिले के समस्त शासकीय कार्यालयों एवं स्थानीय निकायों जैसे नगर निगम, नगर पंचायत, जिला पंचायत, जनपद पंचायतों एवं ग्राम पंचायतों को टीडीएस कटौत्रा के रुप में जीएसटी पंजीयन लेना अनिवार्य है। सहायक आयुक्त वाणिज्यिक कर कटनी वृत्त के अनुसार माल एवं सेवाकर अधिनियम 2017 के लागू होने के 4 वर्ष पश्चात भी जिले की अधिकतर संस्थाओं द्वारा उक्त प्रावधानों का पालन नहीं किया जा रहा है। जिले के समस्त कार्यालय एवं स्थानीय निकायों पर जिनके द्वारा टीडीएस की राशि जमा न करते हुये ढाई लाख रुपये से अधिक राशि के भुगतान किये जा रहे हैं, उनके विरुद्ध माल एवं सेवाकर अधिनियम 2017 के प्रावधानों के अंतर्गत ब्याज, शास्ति सहित टीडीएस राशि जमा करवाने की कार्यवाही की जायेगी।

## अवमानक खाद्य पदार्थ के विक्रय पर अर्थदण्ड

**कटनी।** जिले के बहोरीबंद तहसील अंतर्गत मेन रोड तेवरी निवासी विवेक कुमार जैन मेसर्स विवेक किराना को अवमानक खाद्य पदार्थ खड़ा धनिया का विक्रय एवं संग्रहण किये जाने पर 5 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दंडित किया गया है। इस संबंध में न्याय निर्णायक अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी रोमानुस टोप्पो ने खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2006 एवं नियम 2011 के तहत आदेश जारी किया है। इस आदेश के तहत संबंधित को 30 दिवस के भीतर अर्थदण्ड की राशि निर्धारित ट्रेजरी चालान के माध्यम से 30 दिवस के भीतर जमा कर चालान की प्रति न्यायालय में जमा करने के लिये आदेशित किया गया है।

## वेक्सिनेशन में लापरवाही पर दो सचिव निलंबित

### जिला पंचायत सीईओ के निर्देश पर कार्यवाही

**रीठी।** जिला पंचायत सीईओ जगदीश चन्द्र गोमे बुधवार को रीठी जनपद पंचायत क्षेत्र के दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं एवं कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। रीठी सीईओ ज्ञानेन्द्र मिश्रा सहित संबंधित विभागीय अधिकारी कर्मचारी भी इस अवसर पर उनके साथ मौजूद रहे। सीईओ जगदीश चंद्र गोमे ने ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित टीकाकरण केन्द्रों पर पहुंचकर टीकाकरण कार्य का भी जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत करहिया नंबर 1 के पंचायत सचिव का मोबाईल बंद पाए जाने व टीकाकरण के दौरान ड्यूटी से अनुपस्थित रहने पर सचिव मारू प्रसाद पटेल को तत्काल निलंबित करने के निर्देश दिये, साथ ही नयाखेड़ा ग्राम पंचायत के सचिव पुरुषोत्तम पटेल भी वेक्सीनेशन केंद्र पर अनुपस्थित पाए गए। जिस पर उन्हें भी तत्काल निलंबित कर दिया गया। इस सम्बंध में गुरुवार को जनपद रीठी के पंचायत शाखा में पदस्थ लिपिक उत्तम चन्द राय ने उक्ताशय की जानकारी दी।

## जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 30 अप्रैल को

**कटनी।** प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय बड़वारा ने बताया कि नवोदय विद्यालय बडवारा में सत्र 2022-23 के लिये कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिये जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा का आयोजन 30 अप्रैल 2022 को होगा। इस परीक्षा में शामिल होने के लिये ऑनलाईन आवेदन की अंतिम तिथि 30 नवम्बर 2021 निर्धारित है। परीक्षा में शामिल होने के लिये इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित तिथि तक अपने आवेदन ऑनलाईन जवाहर नवोदय विद्यालय की वेबसाईट के माध्यम से कर सकते हैं। परीक्षा से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या या जानकारी के कार्यालयीन दिवसों व समय में फोन नंबर 07626-276281 पर संपर्क किया जा सकता है।



## रजक समाज के सर्वसुविधायुक्त भवन निर्माण के लिए भूमिपूजन

**कटनी।** रजक समाज के भवन का भूमि पूजन गुरुवार को विधायक संदीप जायसवाल की मौजूदगी में संपन्न हुआ। रजक समाज द्वारा सामाजिक गतिविधियों के आयोजन के लिए काफी समय से भवन की मांग की जा रही थी। इसी कड़ी में विधायक संदीप जायसवाल के प्रयासों से रजक समाज को शीघ्र ही भवन की सौगात मिलेगी। भूमिपूजन कार्यक्रम में विधायक संदीप जायसवाल, समाज अध्यक्ष विजय रजक, उपाध्यक्ष मुकेश रजक, सचिव प्रशांत रजक, रमाकांत रजक, विनोद रजक, प्रकाश रजक, बंटी रजक, संजय रजक, दीपक रजक, सुनील रजक, नमन रजक, आदित्य रजक आदि की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में मौजूद सामाजिक बंधुओं ने अतिथियों के प्रति आभार जताते हुए भविष्य में भी सहयोग की अपेक्षा की।

## तीन वार्डों में साढ़े 20 लाख से होंगे विकास कार्य

### सामुदायिक भवन भी शामिल

**कटनी।** नागरिकों की सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए निगम प्रशासन द्वारा नगर में निरंतर विकास कार्य कराये जा रहे है। इसी श्रंखला में विधायक संदीप जायसवाल के मुख्य आतिथ्य में 20.55 लाख से निर्मित होने वाले 3 विकास कार्यों का भूमिपूजन संपन्न हुआ। जिसमे इंदिरा गांधी वार्ड एवं रममनोहर लोहिया वार्ड स्थित कैलवारा फाटक मुख्य मार्ग में पूर्व नगर निगम अध्यक्ष के घर से कैलवारा फाटक मोड तक मुख्य मार्ग के दोनों ओर 14.55 लाख की लागत से पेवर ब्लाक फ्लोरिंग कार्य, चन्द्रशेखर आजाद वार्ड में गाटरघाट रोड एवं लाल बहादुर शास्त्री वार्ड में इंडिया होटल के पीछे कुठला शासकीय स्कूल के पास 3-3 लाख की लागत से निर्मित होने वाले सामुदायिक भवन शामिल है। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों एवं वार्ड के गणमान्य नागरिकों के साथ मिलकर विधिविधान से कुदाली चलाकर किया गया। इस अवसर पर सत्यनारायण अर्ग्रहरि, सूर्यकांत गौतम, अभिषेक ताम्रकार, राजू अहिरवार, सतीष पटैल, बल्ली सोनी, अशोक प्रजापति, पूरन प्रजापति, मुन्ना भैया, संतोष पटैल, किशोर अहिरवार, अशोक अहिरवार, अध्यक्ष रजक समाज विजय रजक, उपाध्यक्ष मुकेश रजक, प्रशांत रजक, रमाकांत रजक, विनोद रजक,प्रकाश रजक, बंटी रजक, संजय रजक, दीपक रजक, सुनील रजक, अनिल जायसवाल, क्षेत्रीय उपयंत्री रवि हनौते सहित अन्य क्षेत्रीय नागरिकों की उपस्थिति रही।



## कृतिका चौरसिया ने केडीसी में किया कॉलेज टॉप

**कटनी।** शहर के प्रतिष्ठित नागरिक विष्णु चौरसिया एवं श्रीमती सीमा चौरसिया की सुपुत्री कृतिका चौरसिया ने एक बार फिर केडीसी महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। छात्रा कृतिका ने बीसीए में कॉलेज टॉप किया है। गौरतलब है कि कृतिका ने इससे से पूर्व भी अपने परिवार और महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। छात्र की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय परिवार व परिचित जनों ने शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।



**किराये से देना है**

सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति
सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने
जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)
मो. 8109417340

## अंडर 15 क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए कटनी टीम का चयन



**कटनी।** जबलपुर में खेली जाने वाली दो दिवसीय अंडर 15 अंतर जिला लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए जिला क्रिकेट संघ कटनी की टीम का चयन फॉरेस्टर प्लेग्राउंड एवं एनकेजे रेलवे ग्राउंड में आयोजित किया गया। विदित हो कि जिला क्रिकेट संघ कटनी की टीम के चयन के लिए 62 खिलाड़ियों में 20 खिलाड़ियों को चयनित किया गया था। ट्रायल्स के बाद एवं उनके 3 मैचों में प्रदर्शन के आधार पर 15 खिलाड़ियों का चयन किया गया। चयनकर्ता के रूप में राजेश डेविड, विभाष पाटिल और विनीत सिंह बघेल उपस्थित रहे।

अंडर 15 कटनी जिला क्रिकेट टीम में हर्ष मंगलानी बरही कप्तान, लकी मेहरा, मुद्दसिर निवार, बादल कोल बड़वारा, रुद्र चटर्जी, अभिनव दुबे उपकप्तान, देव कुमार, सुमित सिंह, अर्श मिश्रा, रामानुज कचेर बड़वारा, कामोद शर्मा, अभिषेक सेठी, नितिन बर्मन, यश तिवारी, लक्ष्य लालवानी के अलावा स्टेण्ड बाय खिलाड़ियों में मयंक खटवानी, हिमांशु सोनी बड़वारा, राजा खान मैनेजर और कोच रहेंगे। टीम अपना पहला मैच कल 13 नवंबर एवं 14 नवंबर को सिवनी के खिलाफ खेलेगी। उक्त आशय की जानकारी राजेश डेविड सचिव जिला क्रिकेट संघ ने दी।

mgm HOSPITAL We Cure with Care

**एम.जी.एम. हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर**
फारेस्टर प्लेग्राउंड के सामने कचहरी चौक, कटनी

मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ
**डॉ. हर्ष सक्सेना** डी.एन.बी. एम.सी.एच. न्यूरो सर्जरी
(दिनांक-14/11/2021 समय प्रात: 10 :30 बजे से दोपहर 02 :00 बजे तक )

।।(उपलब्ध उपचार)।।
सिर एवं रीढ़ की चोट, दिमाग एवं रीढ़ के ट्यूमर, ब्रेन हैम्रेज, लकवा रोग, स्लिप डिस्क, कमर एवं गर्दन दर्द, नसों के रोग, मिर्गी रोग, सिर दर्द, माईग्रेन, दिमाग का बुखार, बच्चों में बड़ा सिर, दिमाग और रीढ़ की टी.वी., बच्चों के रीढ़ के फोड़े एवं लकवा, समस्त न्यूरो संबंधी बीमारियों का अत्याधुनिक पद्धति द्वारा ऑपरेशन एवं इलाज, लकवा रोग ग्रसित मरीजों के लिए पुर्नवास प्रशिक्षण सुविधा, जटिल मिर्गी रोग का दवाईयों द्वारा सफल इलाज एवं दुर्घटना।

हर माह के दूसरे रविवार को प्रात: 10:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक उपलब्ध रहते हैं।

नोट- असुविधा से बचने के लिए रजिस्ट्रेशन अवश्य करायें।
फोन नंबर- 07622- 405070-71-72

# जिला अस्पताल के बाहर महिलाओं ने चादर से ढक कर कराया प्रसव

## बड़वारा से रिफर गर्भवती महिला को नहीं मिली स्वास्थ्य सेवाएं, निजी अस्पताल जाने आटो का इंतजार करते हुई डिलेवरी

**कटनी।** बड़वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र से रिफर होकर गुरूवार की दोपहर जिला अस्पताल में प्रसव के लिए पहुंची महिला को उचित सलाह नहीं मिलने और निजी अस्पताल जाने के लिए ऑटो का इंतजार करने के दौरान जिला अस्पताल गेट के बाहर ही प्रसव का मामला सामने आया है। बड़वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रसव के लिए दो दिन तक भर्ती रहने बाद जगतपुर उमरिया गांव निवासी 20 वर्षीय कहिना गोड़ को जिला अस्पताल रिफर किया गया था। यहां पहुंचने के बाद प्रसुता व परिजनों को जिला अस्पताल में उचित सलाह नहीं मिली और उन्होंने निजी अस्पताल जाने की तैयारी कर ली। इसके लिए वे जिला अस्पताल के गेट के बाहर तक आ गए और ऑटो का इंतजार करने लगे। तभी महिला को प्रसव पीड़ा होने लगी और अचानक प्रसव जैसे हालात बन गए। तभी परिजन और आसपास के लोगों ने चादर से चारो ओर ढककर महिला का प्रसव कराया। महिला ने एक बच्चे को जन्म दिया है। प्रसव के बाद दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस बारे में जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. यशवंत वर्मा का कहना है कि बड़वारा से जिला अस्पताल पहुंची महिला को प्रसव के लिए बाहर जाने मामले में परिजन व आशा कार्यकर्ता से जानकारी ली है। डराकर निजी अस्पताल ले जाने जैसी बात सामने नहीं आई है। प्रसव के बाद दोनों का इलाज जिला अस्पताल में ही चल रहा है।




### चिकित्सा क्षेत्र में खत्म होती मानवीय संवेदनाएं चिंतनीय

गुरूवार की दोपहर जिला अस्पताल में गेट के बाहर प्रसव हो जाने का यह कोई पहला मामला नहीं था। जिला अस्पताल में ऑटो व दूसरे साधनों से पहुंचने वाली प्रसुताओं का गेट के बाहर प्रसव के पहले भी कई मामले आ चुके हैं। बड़ा सवाल यह है कि जब ऐसी घटना बीच सड़क पर हो रही होती है तो चंद कदमों की दूरी पर स्थित अस्पताल का कोई स्टॉफ आखिर प्रसूता तक क्यों नहीं पहुंचते। सब आंखों पर काली पट्टी बांधे बैठे रहते हैं। ऐसे समय में कहां चली जाती है अस्पताल स्टॉफ और दूसरे जिम्मेदारों की सेवाभावना, आखिर कब तक पर्ची नहीं कटने और रिकॉर्ड में जानकारी दर्ज नहीं होने जैसी औपचारिकता गिनाई जाएगी। यह बड़ी विडंबना है कि जिस संस्थान को जान बचाने के लिए जाना जाता है, वहां की चौखट पर किसी की जान पर बन आए और जिम्मेदारों के माथे पर शिकन न आए। चिकित्सा के क्षेत्र में खत्म होती मानवीय संवेदनाएं चिंतनीय हैं। आला अधिकारियों को ऐसे मामलों में न सिर्फ संज्ञान लेना चाहिए बल्कि लापरवाही के लिए जिम्मेदारों पर कार्रवाई की ऐसी नजीर पेश करना चाहिए कि भविष्य में किसी मरीज को ऐसी कष्टदायी पीड़ा का सामना नहीं करना पड़े।

# बिलहरी मोड़ पर कपड़ा गोदाम में भड़की आग

### 30 लाख के कपड़े जलकर खाक, 6 घंटे की मशक्कत और 20 फायर ब्रिगेड वाहनों से बुझी आग





**कटनी।** माधवनगर थाना क्षेत्र की बिलहरी पुलिस चौकी अंतर्गत बिलहरी मोड़ पर स्थित एक कपड़ा गोदाम में गुरूवार की दोपहर अचानक आग लग गई। आग लगने की सूचना पर फायर ब्रिगेडकर्मी, पुलिस और नगर निगम के कर्मचारी मौके पर पहुंचे। आग पर काबू पाने के लिए दमकलकर्मियों ने पानी की बौछार शुरु की। लगभग 6 घंटे की मशक्कत और लगभग 20 फायर ब्रिगेड वाहनों से आग पर काबू पाया जा सका। आग से लगभग 30 लाख रुपए का नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। आग कैसे लगी, फिलहाल इस बात की जानकारी नहीं मिली है। हालांकि विद्युत शार्ट सर्किट से आग लगने का अंदाजा लगाया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि बिलहरी मोड़ के पास कैलाश सिघानिया की कपड़ा गोदाम हैं। गुरूवार की दोपहर में गोदाम में आग लगन की सूचना मिली थी। जिसके बाद फायर ब्रिगेड कर्मियों को सूचना दी गई। मौके पर पुलिस बल और फायर ब्रिगेड कर्मी मौजूद थे। आग इतनी भीषण थी कि काफी दूर से आग की लपटें दिखाई दे रही थी। फायर ब्रिगेड कर्मियों की 6 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। आग को बुझाने में लगभग 20 दमकल वाहन का पानी लग गया। आग लगने से करीब 30 लाख रुपए के नुकसान का अनुमान लगाया गया है। आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं है। आशंका जताई जा रही है कि आग विद्युत शार्ट-सर्किट के कारण लगी होगी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



## शहर को मिली सर्वसुविधायुक्त फिटनेस क्लब की सौगात

### आजाद चौक में बीइंग वारियर्स फिटनेस क्लब का शुभारंभ

**कटनी।** शहर के प्रतिष्ठित रजक परिवार द्वारा एक सर्वसुविधायुक्त जिम की सौगात दी गई है। आजाद चौक के पास नेमा क्लीनिक के सामने बीइंग वारियर्स फिटनेस क्लब का शुभारंभ विगत 10 नवम्बर को श्रीमती लक्ष्मी बाई रजक द्वारा फीता काटकर किया गया। इस मौके पर मुड़वारा विधायक संदीप जायसवाल, जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष मिथलेश जैन, कोतवाली टीआई अजय सिंह, माधवनगर टीआई विजय विश्वकर्मा, मृदुल द्विवेदी, ललित जायसवाल, अंकिता तिवारी, अंशुल रजक, अंकुश रजक, अभिलाष रजक, अवधेश रजक, प्रीति रजक, प्रियंका रजक, निधि रजक, नभ रजक, सूर्यांश रजक, देवांशी रजक सहित अन्य लोगों की उपस्थिति रही।

### किदवई वार्ड के विभिन्न स्थलों में चला स्वच्छता अभियान

**कटनी।** नगर पालिक निगम कटनी द्वारा रोजाना एक वार्ड को चिन्हित कर चलाये जा रहे सफाई अभियान के तहत रफी अहमद किदवई वार्ड में स्वच्छता दूतों की सामूहिक दलेल के माध्यम से सफाई अभियान आयोजित किया गया। अभियान के दौरान वार्ड के विभिन्न स्थलों के नाले नालियों सहित वार्ड की मुख्य एवं अन्य गलियों की सफाई कराई जाकर कचरे के उठाव का कार्य किया गया। शहर की दैनिक सफाई व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए विभिन्न मुख्य मार्गो सहित वार्डो की गलियों एवं नालियों की सफाई, कचरें के प्वाइंटों का उठाव कार्य, डोर टू डोर कचरे के संग्रहण, डिवाईडर एवं डस्टबिन की सफाई का कार्य किया जाकर नगर को साफएवं स्वच्छ रखनें के प्रयास किये गए। खिलाडियों एवं नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए फारेस्टर प्लेग्राउण्ड परिसर के अंदर मैदान में कर्मचारियों की दलेल के माध्यम से सफाई कराई गई।



## आंगनबाड़ी में तैयार की पोषण वाटिका

**गर्भवती महिलाओं के घर तक पहुंचाती हैं सब्जी, आंगनबाड़ी केन्द्र दियागढ़ की कार्यकर्ता मीराबाई कोल की पहल**

**कटनी।** शहीद बिरसा मुंडा की जयंती को राज्य सरकार जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मना रही है। जिले में भी आदिवासी समुदाय से जुड़ी महिलाएं अपने उत्कृष्ट कार्य से जिले का गौरव बढ़ाने में जुटी हैं और जिला प्रशासन की ओर से भी उनके उत्कृष्ट कार्यो पर उनका उत्साहवर्द्धन किया जा रहा है। जिले का आदिवासी बाहुल्य ढीमरखेड़ा क्षेत्र के दियागढ़ की एक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने पोषण अभियान को चुनौती के रूप में लिया और उसके लिए पहले उन्होंने अपने केन्द्र पोषण वाटिका तैयार की। पोषण वाटिका में तैयार हुई हरी सब्जियों को वे खुद गर्भवती महिलाओं तक पहुंचाने जाती हैं। इतना ही नहीं कुपोषित बच्चों को भी सुपोषित बनाने वे लगातार काम करने में जुटी हुई हैं। यह बेहतर पहल की है दियागढ़ आंगनबाड़ी केन्द्र की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मीरा बाई कोल ने। कार्यकर्ता मीरा ने अपने केन्द्र में पोषण वाटिका तैयार की है। जिसमें लाल भाजी, पालक, मैथी सहित अन्य पोषणयुक्त सब्जियां लगाई हैं। दियागढ़ आदिवासी ग्राम है और इसके चलते मीरा ने अपने केन्द्र के क्षेत्र की ऐसी गर्भवती महिलाओं व सेम बच्चों के घर में पोषण वाटिका से सब्जियां तोड़कर खुद पहुंचाने जाती हैं। इतना ही गर्भवती व सेम बच्चों के परिजनों को उस दौरान सब्जी के माध्यम से मिलने वाले पोषण की जानकारी देकर जागरूक भी कर रही हैं। मीरा ने स्नेह अभियान के तहत अपने क्षेत्र के सेम बच्चों का चुनाव कर उन्हें एनआरसी में भर्ती कराया था। बच्चों के एनआरसी से लौटने के बाद भी वे लगातार बच्चों के संपर्क में रहीं और रोज गृह भेंट कर बच्चों को खुद अपने हाथों से पोषण आहार खिलाया। उसका लाभ यह हुआ कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की मेहनत से एनआरसी से लौटे बच्चे अब सामान्य हैं।

# जिले की 182 शालाओं में आयोजित होगी नेस की परीक्षा

### 182 आबजर्वर, 220 फील्ड इनवेस्टीगेटर की निगरानी में होगा नेस मूल्यांकन

**कलेक्टर ने सहायक कलेक्टर अंजली रमेश को नियुक्त किया स्वतंत्र आबजर्वर**

**कटनी।** शासन द्वारा प्रति तीन वर्ष में कक्षा 3,5,8 और कक्षा दसवीं के लिए राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वे नेस का आयोजन किया जाता है। जिसके पीछे उद्देश्य यह है कि छात्रों में सीखने की क्षमता और शिक्षकों में व्यवसायिक दक्षता व कक्षा शिक्षण की सहायता के लिए नीतियां बनाना है। इसको लेकर नेस की परीक्षा का आयोजन 12 नवंबर को जिले में भी किया जाएगा। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देश पर जिले भर चयनित स्कूलों में पिछले कई दिनों से लगातार परीक्षा की तैयारी कराई जा रही है। जिसमें निगरानी रखने के लिए अलग-अलग विभागों के नोडल अधिकारी भी कलेक्टर श्री मिश्रा ने नियुक्त किए थे। जिले में 182 शासकीय, अशासकीय, मान्यता प्राप्त व केन्द्रीय विद्यालयों को सेंपल के लिए चुना गया है। सभी 182 शालाओं में गुरूवार को नेस पोर्टल द्वारा नियुक्त फील्ड इनवेस्टीगेटर व आबजर्वर आवंटित शालाओं में जाकर कार्य संपादित करेंगे। जिला शिक्षाधिकारी पृथ्वीपाल सिंह ने बताया कि चयनित शालाओं नेस मूल्यांकन के लिए 182 आबजर्वरों को नियुक्त किया गया है और उनके साथ 220 फील्ड इनवेस्टीगेटर नियुक्त किए गए हैं। इन सभी के साथ ही कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने सहायक कलेक्टर अंजली रमेश को स्वतंत्र आबजर्वर नियुक्त किया है। जिला शिक्षाधिकारी ने बताया कि नियुक्त किए गए आबजर्वर व फील्ड इनवेस्टीगेटर को पूर्व में नेस की परीक्षा को लेकर प्रशिक्षण दिया गया है। उन्होंने बताया कि नेस की परीक्षा में जिले भर में कक्षा 3,5,8 और कक्षा दसवीं के कुल 5460 छात्र शामिल होंगे। शुक्रवार को आबजर्वर व फील्ड इनवेस्टीगेटर सुबह 7.30 बजे शालाओं में पहुंचेंगे। कक्षा 3 व 5 के लिए परीक्षा का समय सुबह 10.30 बजे से दोपहर 12 बजे तक निर्धारित किया गया है जबकि कक्षा 8वीं व 10वीं के लिए परीक्षा का समय सुबह 10.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक निर्धारित है। डीईओ ने बताया कि राष्ट्रीय सर्वे उपलब्धि के क्रियांवयन के लिए जिला समन्वयक अतुल इब्राहिम प्राचार्य बार्डस्ले उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कटनी को नियुक्त किया गया है। नेस की परीक्षा के लिए सभी आबजर्वर को सामग्री का वितरण गुरुवार को किया गया।

## चांडक चौक से घंटाघर सड़क निर्माण की मांग को लेकर कांग्रेस का आंदोलन कल

**कटनी।** जिला शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा जगन्नाथ तिराहा से घंटाघर होकर गर्ग चौराहा तक सड़क निर्माण की मांग को लेकर कल 13 नवंबर को सुबह 11 बजे धरना प्रदर्शन एवं आंदोलन किया जाएगा। उक्त आशय की जानकारी देते हुए जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मिथलेश जैन एडवोकेट ने बताया कि यह मार्ग बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। दिन भर धूल के गुबार उड़ते रहते हैं। लोगों को आवागमन में तकलीफ हो रही है तथा उनके स्वास्थ्य पर गहरा असर पड़ रहा है। कांग्रेस द्वारा समय-समय पर कलेक्टर एवं नगर निगम को ज्ञापन देकर मार्ग निर्माण करने की मांग की गई लेकिन आज सड़क का निर्माण नहीं हुआ। जिससे नागरिकों में आक्रोश व्याप्त है। सड़क निर्माण की मांग को लेकर कल 13 नवंबर शनिवार को सुबह 11 बजे सभी लोग एकत्रित होकर व पूरे मार्ग का भ्रमण कर भाजपा सरकार व नगर निगम के विरुद्ध आंदोलन, प्रदर्शन किया जावेगा। उन्होंने समस्त कांग्रेस जनों एवं नागरिकों से प्रदर्शन में शामिल होने की अपील की है।

## कृषि पम्प कनेक्शन से आधार कार्ड लिंक कराएं किसान

**रीठी।** राज्य सरकार द्वारा किसानों के कल्याण के लिए संचालित योजनाओं का लाभ देने के लिए कृषि पम्प कनेक्शन को आधार कार्ड से लिंक कराया जा रहा है। इस संबंध में पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड रीठी के कनिष्ठ यंत्री श्रीकांत सिद्धे ने जानकारी देते हुए बताया कि किसानों को कृषि पम्प कनेक्शन को आधार कार्ड से लिंक कराया जाए, जिससे बिल में मिलने वाली सब्सिडी का लाभ प्राप्त हो सकेगा। आधार कार्ड लिंक नहीं कराने पर कृषि पम्प कनेक्शन पर मिलने वाली सब्सिडी का लाभ नहीं मिलेगा। आधार कार्ड लिंक कराने के लिए कृषि विद्युत बिल, विद्युत बिल जमा पर्ची, आधार कार्ड, रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर और खसरा व ऋण पुस्तिका देना है।

### देवमन कोल का आकस्मिक निधन

**विजयराघवगढ़।** विजयराघवगढ़ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम गुड़गड़ौहा लालनगर कोल बस्ती निवासी छोटेकोल का युवा पुत्र देवमन कोल का 25 वर्ष की अल्प आयु में विगत दिवस आकस्मिक निधन हो गया। निधन की खबर से पूरे ग्राम में शोक व्याप्त हो गया। इसकी जानकारी क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं द्वारा विधायक संजय सत्येंद्र पाठक को दी गई। जिस पर विधायक श्री पाठक ने पड़ित परिवारजनों को सांत्वना व्यक्त करते हुए तत्काल 10 हजार रूपए की आर्थिक राशि प्रदान की। क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं द्वारा विधायक संजय पाठक के प्रति आभार व्यक्त किया गया है।

## महारानी लक्ष्मी बाई चौक में आयोजित किया गया स्वच्छता जागरूकता अभियान




कटनी। नोडल अधिकारी स्वच्छ भारत मिशन सुनील सिंह नें जानकारी देते हुए बताया कि निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में नगर पालिक निगम कटनी द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण् की गतिविधियों से नागरिकों को अवगत कराते हुए नगर की सफाई व्यवस्था में सकारात्मक सहयोग प्राप्ती के उद्धेश्य से निरंतर जनजागरूकता अभियान का आयोजन किया किया जा रहा है। आयोजित गतिविधियों के तहत निगम की सहयोगी संस्था द्वारा महारानी लक्ष्मी बाई वार्ड स्थित कचहरी चौराहा में जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जाकर घरों से निकलनें वाले गीले सूखे एवं हानिकारक कचरे की जानकारी प्रदान की जाकर निकलनें वाले कचरे को अलग अलग डस्टबिन में रखनें की अपील की गई। इस दौरान गीले कचरे से होम कम्पोस्टिंग के माध्यम से घर पर ही जैविक खाद बनानें की विधि से अवगत कराया जाकर होम कम्पोस्टिंग के माध्यम से घर पर जी जैविक कचरे के अपघटन एवं गीले कचरे से खाद के रूप में पुनः चक्रण कर निर्मित खाद को घरों के गमलों एवं बगिया में कचरे की अपील की गई। गोल बाजार में नागरिकों के मध्य पहुंचकर नुक्कड नाटक के माध्यम से स्वच्छता गतिविधियों से अवगत कराया जाकर नगर को साफएवं स्वच्छ रखनें की अपील की गई।

### 14 को फॉरेस्टर प्ले ग्राउण्ड में

**कटनी।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष श्यामाचरण उपाध्याय के मार्गदर्शन में एवं जिला न्यायाधीश, सचिव दिनेश कुमार नोटिया, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा-निर्देशन में भारत की आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत कल 14 नबम्बर को फारेस्टर ग्राउण्ड कटनी में वृहद विधिक साक्षरता शिविर, मेगा कैम्प आयोजित किया जा रहा है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आयोजित इस वृहद विधिक साक्षरता शिविर के माध्यम से संपूर्ण जिले के निवासियों को शासन द्वारा गरीबी उन्मूलन हेतु संचालित विभिन्न योजनाओं से वंचित व्यक्तियों को त्वरित न्याय दिलाया जाना है। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दिनेश कुमार नोटिया ने समस्त जिला वासियों से अनुरोध किया है कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 14 नबम्बर को फारेस्टर ग्राउण्ड में आयोजित होने वाले वृहद विधिक साक्षरता शिविर, मेगा कैम्प में अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का निराकरण करायें।

न्यूनतम मूल्य में पाएं अधिकतम लाभ
यश भारत
कलर क्लासीफाइड

| | | |
|---|---|---|
| 1 दिन | – | 150/- |
| 3 दिन | – | 250/- |
| 7 दिन | – | 500/- |
| 15 दिन | – | 1200/- |
| 30 दिन | – | 1800/- |

साईज– 5x1
आवश्यकता, खरीदना–बेचना
अपने व्यापार को बढ़ावा दें
बुकिंग हेतु संपर्क करें
यश भारत
कचहरी चौक, कटनी
फोनः– 07622-230033
Email :- katni@yashbharat.com

# कांग्रेस में संगठनात्मक बदलाव की सुगबुगाहट, 50 की उम्र को प्राथमिकता

## नये चेहरों को मिलेगा मौका, जातीय समीकरण भी देखे जाएंगे

कटनी। उपचुनाव के बाद अब कांग्रेस संगठन में फेरबदल की सुगबुगाहट नजर आने लगी है। इसको लेकर पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष कमलनाथ ने प्रदेश के सभी वरिष्ठ नेताओं और जिलों के संगठन प्रभारियों की बैठक भी कर ली है। जिसमें यह प्रमुखता से निकल कर आया है कि लंबे समय से पदों में डटे पदाधिकारी कामकाज में अपेक्षित तौर पर सक्रिय नहीं है तो कई मंडलम और सेक्टर के पदाधिकारी भी पद पाने के बाद संगठनात्मक कार्यों में रुचि नहीं ले रहे हैं। इधर सदस्यता अभियान को लेकर भी फीडबैक बहुत अच्छा नहीं आया है। इन सबको देखते हुए प्रदेशाध्यक्ष ने अब बदलाव की तैयारी के निर्देश दे दिये हैं। यह भी तय किया गया है कि संगठनात्मक बदलाव में 50 साल की उम्र को सीमा रेखा माना जाएगा। हालांकि इसे लक्ष्मण रेखा नहीं माना जाएगाए लेकिन प्राथमिकता इसी उम्र की सीमा पर दी जाएगी। इसके अलावा पदों में जातीय समीकरणों का भी ध्यान रखा जाएगा।




### नये चेहरे पर जोर

यह तय किया गया है कि बदलाव में अब पीढ़ी परिवर्तन को भी ध्यान में रखना है और नया नेतृत्व भी तैयार करना है। इसके लिये संगठन में 50 साल की उम्र का फार्मूला तय किया गया है। वहीं संगनात्मक पदों के लिये क्षेत्रीय और स्थानीय जातीय समीकरणों पर भी गौर किया जाएगा। इसके साथ ही कोशिश होगी कि जो भी चेहरा चुना जाए उसमें ज्यादा से ज्यादा आम सहमति बने और कम से कम विरोध की स्थिति बने साथ ही उसकी सक्रियता और सामर्थ्य आगामी 2023 के चुनाव के अनुकूल हो। जिस तरह के संकेत है उससे माना जा रहा है कि यह फेरबदल एक-दो माह के अंदर हो सकती है।

### 2023 की तैयारी

कांग्रेस ने उपचुनाव के बाद अब 2023 के चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। उपचुनाव के फीडबैक कांग्रेस के लिये बहुत अच्छे नहीं रहे हैं। तीन उपचुनाव हार गए और इकलौती रैगांव सीट जीत पाए। लेकिन जिस तरीके से रैगांव में कांग्रेस संगठन की सक्रियता होनी थी वह नहीं दिखी। कई अपेक्षित चेहरे चुनाव के दौरान जमीनी स्तर पर वैसा काम करते नहीं दिखे जैसी अपेक्षा थी। इसके बाद जिला संगठन प्रभारियों की बैठक में तय किया गया है कि जल्द ही फेरबदल कर दिया जाना चाहिए ताकि नये चेहरे 2023 के आम चुनाव के लिये न केवल खुद तैयार हो सकें बल्कि संगठन को भी मजबूत कर सकें। इसके लिये नये चेहरों को सामने लाने पर जोर दिये जाने का निर्णय लिया गया है तो सालों से संगठन में जमे चेहरों को अब जिम्मेदारी से मुक्त करने पर भी सहमति बन गई है। हालांकि यह बदलाव पूरे प्रदेश में होना है लेकिन महाकौशल में बदलाव पर सभी का फोकस है।

### कटनी में कार्यकाल पूरा

जो संकेत मिले हैं उसमे कटनी जिला शहर एवं ग्रामीण संगठनों में भी बदलाव की संभावना प्रबल मानी जा रही है। यहां संगठन एक्टिव तो है लेकिन दोनों अध्यक्षों के कार्यकाल को तीन साल से ज्यादा हो चुका है। स्थानीय नेता अनेक बार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ से मिलकर बदलाव की मांग कर चुके हैं, लिहाजा इसके लिये तमाम नामों पर तलाश शुरू हो गई है। विधायक के साथ वरिष्ठ कांग्रेसियों से फीड बैक तो लिया ही जा रहा है बल्कि युवा नेताओं से भी राय मशविरा लिया जाकर बदलाव की रणनीति और चेहरे तय किये जाएंगे।

# वरिष्ठ पत्रकार और कांग्रेस नेता चंद्रदर्शन गौर का निधन

### इलाज के दौरान नागपुर में ली अंतिम सांस



**कटनी।** पूर्व विधायक एवं दैनिक मध्यप्रदेश के संपादक चंद्रदर्शन गौड़ का आज सुबह नागपुर में लंबी बीमारी के बाद उपचार के दौरान निधन हो गया। वे पिछले काफी समय से डायलिसिस पर थे और दो दिन पहले अचानक तबियत बिगड़ने के बाद परिजन उन्हें नागपुर लेकर गए थे। नागपुर में ही उनका इलाज चल रहा था, जहां आज सुबह उन्होंने अंतिम सांसें ली। उनके निधन की खबर मिलते ही शहर में उनके समर्थकों, शुभचिंतकों, परिवारजनों और कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं में शोक की लहर दौड़ गई। वे 70 वर्ष के थे और अपने पीछे पत्नी, तीन भाईयों, दो बहनों और दो पुत्रों का भरा पूरा पविार रोता बिलखता छोड़ गए।

### 1980 में बने विधायक, कांग्रेस का नेतृत्व भी किया

जानकारी के मुताबिक श्री गौड़ वर्ष 1980 में कांग्रेस की टिकट पर तत्कालीन मुड़वारा-रीठी विधानसभा क्षेत्र से विधायक निर्वाचित हुए थे। 1980 से 85 तक के कार्यकाल में कटनी और रीठी क्षेत्र में जमीन से जुड़े लोकप्रिय युवा नेता के रूप में उनकी पहचान थी। इसके बाद उन्होंने कांग्रेस संगठन के अनेक पदों पर कार्य किया। वे जिला कांग्रेस कमेटी शहर के अध्यक्ष भी रहे। कटनी की कांग्रेस में उन्हें मजबूत स्तम्भ के रूप में माना जाता था। पार्टी में पूर्व मुख्यमंत्री मोतीलाल वोरा और विद्याचरण शुक्ल के करीबी नेताओं में उनकी गिनती होती थी। इसके अलावा वे पत्रकारिता के क्षेत्र से भी गहरा ताल्लुक रखते थे। कन्हैयालाल गौर के निधन के बाद उन्होंने दैनिक मध्यप्रदेश का संपादन सम्भाला। राजनीति और पत्रकारिता दोनों ही क्षेत्रों में उनकी गहरी पकड़ और समझ थी। कुशल वक्ता होने के साथ-साथ बेबाक बयानी उनके व्यक्तित्व का खास पहलू था। जैसे वे प्रखर वक्ता थे, वैसी ही उनकी लेखनी भी थी। एक तरह से उनके निधन से कटनी ने पत्रकारिता और राजनीति का एक महत्वपूर्ण स्तम्भ खो दिया। निधन की खबर मिलते ही क्षेत्र में शोक व्याप्त हो गया तथा बड़ी संख्या में लोग शोक संवेदना व्यक्त करने उनके निवास पहुंचे। शाम तक उनका पार्थिव शरीर कटनी आने की संभावना थी।

### पूर्वमंत्री एवं विधायक ने शोक व्यक्त किया

पूर्व विधायक चंद्रदर्शन गौर के निधन पर प्रदेश के पूर्वमंत्री एवं विजयराघवगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक संजय सत्येंद्र पाठक ने गहन शोक व्यक्त करते हुए इसे गहन क्षति बताया है। उन्होंने कहा कि चंद्रदर्शन गौर उनके लिए पितातुल्य थे तथा सार्वजनिक जीवन में सदैव उनका मार्गदर्शन मिलता रहा। दुख की इस घड़ी में वे गौर परिवार के साथ हैं तथा ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि उन्हें अपने श्रीचरणों में स्थान दें।



## विजयराघवगढ़-बरही मार्ग पर दर्दनाक हादसा

# बाइक सवार जीजा-साले को अज्ञात वाहन ने रौंदा

### अस्पताल में उपचार के दौरान दोनों की मौत

**कटनी।** विजयराघवगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम पड़रिया के समीप सड़क हादसे में जीजा-साले की मौत हो गई। दुर्घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पड़ोसी जिला उमरिया के चंसुरा क्षेत्र निवासी मोहित साहू अपने साले रघुवीर साहू के साथ गुरूवार की सुबह मोटर सायकल क्रमांक एम.पी.21एमपी-0498 से किसी कार्यवश विजयराघवगढ़ आ रहा था। इसी दौरान विजयराघवगढ़-बरही मार्ग पर ग्राम पड़रिया के समीप किसी अज्ञात वाहन की जोरदार ठोकर से मोटर सायकल के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार जीजा-साले गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों से सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। जिसके बाद दोनों को विजयराघवगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया। यहां पर चिकित्सकों ने मोहित साहू को मृत घोषित कर दिया। वहीं रघुवीर साहू को प्रारंभिक उपचार के बाद हालात गंभीर होने पर गहन उपचार के लिए जिला अस्पताल रिफर कर दिया। बताया जाता है कि जिला चिकित्सालय में उपचार के दौरान रघुवीर की भी मौत हो गई। पुलिस ने जीजा-साले का शवपरीक्षण कराते हुए अज्ञात वाहन चालक के विरूद्ध मामला दर्ज करते हुए उसकी तलाश शुरू कर दी है।

# कैमोर में कोरोना ने फिर दी दस्तक

**कटनी।** लगभग चार महीने बाद कैमोर में कोरोना ने एक बार फिर दस्तक दी है। एसीसी कैमोर प्लांट में नई नौकरी जॉइन करने आये एक 36 वर्षीय युवक की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। युवक के कोरोना संक्रमित पाये जाने की खबर के बाद एसीसी गेस्ट हाउस का वह कमरा सील करते हुए पूरे गेस्ट हाउस को कंटेन्मेंट क्षेत्र घोषित किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नागपुर निवासी एक 36 वर्षीय युवक को हाल ही में एसीसी कैमोर में नई नई नौकरी मिली थी। जॉइनिंग लेटर मिलने के बाद युवक बस में सवार होकर कटनी तक आया था फिर कटनी से कैमोर की बस पकड़कर कैमोर पहुंचा था। 8 नवम्बर को कम्पनी द्वारा युवक को एसीसी के गेस्ट हाउस में एक कमरा एलाट किया गया था। बताया गया कि युवक अस्थमा का रोगी है तथा नौकरी जॉइन करते समय भी वह सर्दी खांसी से पीड़ित था। कोरोना के संभावित लक्षण देखे जाने के बाद युवक को कोरोना टेस्ट के लिए विजयराघवगढ़ शासकीय सामुदायिक केंद्र भेजा गया। कल 11 नवम्बर को आई रिपोर्ट में युवक कोरोना प्रभावित पाया गया है। फिलहाल युवक विजयराघवगढ़ स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती है जहां उसका उपचार किया जा रहा। उल्लेखनीय है कि कैमोर के समीप अमहटा ग्राम में एसीसी का नया प्लांट तैय्यार हो रहा जिसके लिए नई भर्तियां हो रहीं। निर्माणाधीन प्लांट के अलावा पुराने एसीसी प्लांट में भी आवश्यकता अनुसार नई नियुक्तियों होती रहतीं है। नागपुर निवासी इस युवक की भी एसीसी में हाल ही में नियुक्ति हुई है। इसी सिलसिले में वह कैमोर आया था। युवक की कोरोना रिपोर्ट आने के बाद एस डी एम प्रिया चन्द्रावत के निर्देश पर गेस्ट हाउस के उक्त कमरे की सील कर दिया गया जिसमें युवक ठहरा था। एहतियात के तौर पर गेस्ट हाउस के उस हिस्से को कंटेन्मेंट ज़ोन घोषित किया गया है।



### एसीसी के गेस्ट हाउस से हुई शुरुआत, नागपुर से नई नौकरी जॉइन करने आया युवक पॉजिटिव निकला

### लोकल मजदूरों के साथ सख्ती बाहरी लोगों को छूट

बताया गया कि अगर कैमोर के किसी लोकल मजदूर की किसी ठेके में काम मिलता है तो उसे पुलिस से चरित्र प्रमाणपत्र लाना होता है। बिना कोरोना रिपोर्ट के उसे प्लांट के गेट से भीतर प्रवेश ही नहीं दिया जाता जबकि बाहर से आने वाले अधिकारियों और श्रमिकों को बिना पुलिस वेरिफिकेशन और बिना कोरोना रिपोर्ट के ही प्लांट में प्रवेश मिल जाता है। कैमोर में बाहर से आने वाले मजदूरों के कारण अप्रैल - मई में कोरोना का काफी प्रकोप रहा। जून से लोगों को राहत मिली थी। अब एक बार फिर बाहर से कोरोना कैमोर पहुंच गया है।

### नगर पंचायत कैमोर में एक माईक्रो कन्टेनमेन्ट क्षेत्र घोषित

उप खण्ड मजिस्ट्रेट व इन्सीडेन्ट कमाण्डर विजयराघवगढ़ प्रिया चन्द्रावत ने मध्यप्रदेश पब्लिक हेल्थ एकट 1949 के सेक्शन (2) के तहत एसीसी रेस्ट हाउस कैमोर रुम नंबर 209 को माईक्रो कन्टेन्टमेन्ट जोन घोषित करते हुये आदेश जारी किया है।


दुनिया का नं.1 ब्रांड
SAMSUNG
UP To 22.5% Additinal Cash Back
0% Finance Scheme
Exchange Offer
UPSIZE NOW
Upsize your lifestyle with amazing offers.
Free Sound Bar 9990/- For Selected TVs
आयुष प्लाजा
सेमसंग एक्सक्ल्यूसिव शोरूम
विशाल मेगा मार्ट के पास बरगवां कटनी, मो. 9893366435, 8319908847

पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist
डॉ. स्मिता बजाज
MBBS, DTCD, CCEDM
टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट
मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना
नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है।
संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)
कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009

इयूरेबल डिज़ाइनर फर्नीचर की फुल रेंज
अब है स्मार्ट फर्नीचर का जमाना
FURNITO
THE FURNITURE HUB...
गौरी शंकर मंदिर के पास, खैबर लाइन, माधव नगर कटनी (म.प्र.)
- Call - 9770037027

रत्ना मैरिज गार्डन
मुड़वारा स्टेशन के पास
शहर के मध्य सुविधाओं से युक्त विशाल परिसर
बजट आपका व्यवस्था हमारी
एक बार अवश्य पधारें
शादी विवाह व अन्य आयोजन के लिए 100 व्यक्तियों के ठहरने की उत्तम व्यवस्था, जनवासा अलग से
पानी, बिजली और पार्किंग की बेहतर व्यवस्था
पाठक वार्ड, कटनी
संपर्क :- 9425466630, 7999523588
शहर के मध्य क्षेत्र में मीटिंग, कान्फ्रेंस, बर्थ-डे पार्टी एवं अन्य बड़े आयोजनों के लिए बेहतर स्थान
कोरोना गाइड लाइन के तहत ही सभी कार्यक्रम का आयोजन होगा।

दीपोत्सव पर आप भी निखारिए अपना रूप
OSAM Beauty Parlour
स्पेशल ऑफर 28 अक्टूबर से 31 दिसम्बर तक
299 रू. क्लीनप, ब्लीच, हैन्ड वैक्स, अन्डर आर्म्स, आइब्रो, फोरहैड, सिम्पल हेयर कट फ्री
499 रू. फ्रूट फेशियल, ब्लीच, हैन्ड वैक्स, अन्डर आर्म्स, आइब्रो, फोरहैड (मेनीक्योर फ्री)
899 रू. गोल्ड, डायमंड फेसियल, ब्लीच, हैन्ड वैक्स, लैग वैक्स फुल, अन्डर आर्म्स, मेनीक्योर, पेडीक्योर, हेयर आयल मसाज आइब्रो फोरहैड (1 क्लीनअप फ्री)
599 रू. लोटस फेसियल, ब्लीच, हैन्ड वैक्स, हाफ लैग वैक्स, अडर आर्म्स, आइब्रो फोरहैड, हेयर कट (पेडीक्योर फ्री)
दुल्हन मेकप 1 माह पहले से बुकिंग करने पर 1000 रू. की छूट
Beauty Expert- K.M., Mob-8305072898
पता- पोस्ट ऑफिस गली, रघुनाथगंज कटनी

CITY Mall
EVERYTHING UNDER ONE ROOF
AVAILABLE FACILITIES
SHOPPING FUN FOOD ENTERTAINMENT HOSPITALITY
ASSOCIATED WITH
BIG BAZAAR | Reliance digital | TRENDS
PLANET FASHION | U-TURN | BOLSA
GALAXY GAME ZONE | CITY PRIDE Cinema | Food Junction The Food Court
HOTEL GRAND MERIDIAN | FLAVOURS Multi Cuisine Family Restaurant | GRAVITY THE PUB
City Mall, Near Main Railway Station, Barhi Road, Katni (M.P.)
Phone : +91 7622 422408, email : citymallkatni@gmail.com

Katni's No. 1
M. 94258 01294
मंजूश्री LIFESTYLE
कोट सूट।।शेरवानी।।इंडो वेस्टर्न।।ब्लेजर।।कुर्ता जैकेट
MUFTI | BLACKBERRYS | OCTAVE | KILLER | U.S. POLO ASSN.
पता- खिरहनी ओव्हरब्रिज के पास हीरागंज, कटनी (म.प्र.) 483501



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी* । फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)